मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया

मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया,
मेरे बिगड़े काम बने जब से तेरा नाम लिया....

मीरा पुकारे गिरधर गोपाला,
कहां छुपे हो नंद जी के लाला,
आकर लाज बचाओ गोपाला,
प्याले में आ बैठे जब से तेरा नाम लिया,
मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया.....

द्रोपति पुकारे गिरधर गोपाला,
कहां छुपे हो नंद जी के लाला,
आकर लाज बचाओ गोपाला,
साड़ी में आ बैठे जब से तेरा नाम लिया,
मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया.....

हरिश्चंद्र पुकारे गिरधर गोपाला,
कहां छुपे हो नंद जी के लाला,
आकर लाज बचाओ गोपाला,
घडे पर आ बैठे जब से तेरा नाम लिया,
मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया.....

मोरध्वज पुकारे गिरधर गोपाला,
कहां छुपे हो नंद जी के लाला,
आकर लाज बचाओ गोपाला,
आरे पर आ बैठे जब से तेरा नाम लिया,
मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया.....

नरसी पुकारे गिरधर गोपाला,
कहां छुपे हो नंद जी के लाला,
आकर लाज बचाओ गोपाला,
पटले पर खड़े हुए जब से तेरा नाम लिया,
मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया.....

संगत पुकारे गिरधर गोपाला,
कहां छुपे हो नंद जी के लाला,
आकर दरस दिखाओ गोपाला,
बीच में आ गए थे जब से तेरा नाम लिया,
सामने आ गए थे जब से तेरा नाम लिया,
मेरे सब दुख दूर हुए जब से तेरा नाम लिया......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27012/title/mere-sab-dukh-door-huye-jab-se-tera-naam-liya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |